छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, अटल नगर

क्र./SCERT/ SLA/ 2019/6421 अटल नगर, दिनांक 20.12.2019

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी

....

....

छत्तीसगढ़

विषय – PPS (Preparedness Programme in school) हेतु दिशा निर्देश।

——000——

सत्र 2019–20 में NCERT के द्वारा कक्षा 3, 5 एवं 8 हेतु School Based Assessment किया जाना है। इसी तर्ज पर SCERT राज्य के मूल्यांकन केन्द्र द्वारा Preparedness Programme in school का आयोजन किया जाना है। आप अपने जिले की समस्त शालाओं (कक्षा 3, 5 एवं 8) में सुविधानुसार दिनांक 29/12/2019 से 04/01/2020 के मध्य किसी भी तिथि/तिथियों पर PPS का आयोजन कर सकते है।

कृपया संलग्न दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर तिथियाँ सुनिश्चित कर दिनांक 24.12.2019 तक इस कार्यालय को अवगत कराएँ। PPS के प्रभावशाली क्रियान्वयन हेतु दिशा–निर्देशों का पालन अवश्य करें।

संलग्न – दिशा–निर्देश।

(गौरव द्विवेदी)
प्रमुख सचिव
छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्र./SCERT/ SLA/ 2019/6422 रायपुर, दिनांक 20.12.2019

प्रतिलिपि :

1. निज सचिव, माननीय शिक्षा मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, मंत्रालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर।
3. प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा, पेंशन बाड़ा, रायपुर।
4. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छ.ग. रायपुर।

प्रमुख सचिव
छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र. / परिषद् / SLA-M/ 2019–20 / 6487 रायपुर, दिनांक 24/12/2019

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त)
छत्तीसगढ़

विषय– ''विद्यालय आधारित आकलन'' की तैयारी हेतु 2019–20 के संबंध में दिशा–निर्देश बाबत्।

——00——

उपरोक्त विषयांतर्गत राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न परीक्षाओं / आकलन के अभ्यास हेतु Preparedness Programme in School (PPS) कार्यक्रम प्रेषित किया जा रहा है, राज्य के सभी शासकीय विद्यालयों में **''विद्यालय आधारित आकलन''** (School Based Assessment) की तैयारी के लिए कक्षा तीन, पांच एवं आठ हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार है –

1. शासकीय शालाओं की कक्षा 3, 5 एवं 8 के समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।
2. छात्र ID एवं UDISE-CODE पूर्ववत् ही होगा।
3. OMR पर छात्र दर्शाए गए प्रारूप अनुसार अपनी जानकारी भरेंगे जिसे पर्यवेक्षक जांच कर हस्ताक्षरित करेंगे।
4. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQ) होंगे।
5. PPS के प्रश्न पत्र TEAMS-T App एवं SCERT के वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।
6. छात्र प्रश्नों के उत्तर OMR प्रपत्र में अंकित करेंगे।
7. पर्यवेक्षक परीक्षा के पूर्ण होने पर छात्रों से भरी हुई OMR प्रपत्र वापस लेना सुनिश्चित करेंगे।
8. OMR प्रपत्र का प्रारूप SCERT की वेबसाइट scert.cg.gov.in पर उपलब्ध होगा। प्रधानपाठक (प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक शाला) अपने विद्यालय के कक्षा 3, 5 एवं 8 के विद्यार्थियों की संख्या अनुसार OMR प्रपत्र की फोटोकापी करवाएं। व्यय राशि विद्यालय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न ग्रांट की राशि से किया जावे।
9. विद्यालय आधारित आकलन की तैयारी हेतु कक्षा तीन, पांच एवं कक्षा आठ के लिए Preparedness Programme in School हेतु प्रश्न–पत्र दिए जा रहे हैं।
10. विभिन्न विषयों को बोर्ड पर लिखने के समय को छोड़कर निर्धारित समय में आकलन संपन्न कराएं।
11. OMR प्रपत्र को विद्यालय में सुरक्षित रखें।
12. Preparedness Programme की डाटा एन्ट्री नहीं किया जाना है।

P.T.O.

कक्षा	विषय	विषयवार प्रश्नों की संख्या	कुल प्रश्नों की संख्या	समय
3	हिन्दी	15	45	90 मिनट
	गणित	15		
	पर्यावरण	15		
5	हिन्दी	15	45	90 मिनट
	गणित	15		
	पर्यावरण	15		
8	हिन्दी	15	60	120 मिनट
	गणित	15		
	विज्ञान	15		
	सामाजिक विज्ञान	15		

(पी दयानंद)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग.

पृ.क्र. / परिषद् / SLA-M/ 2019–20 / 6488 रायपुर,दिनांक 24.12.2019

प्रतिलिपिः–
1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, महानदी भवन, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
3. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, पेंशन बाड़ा, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर .... छत्तीसगढ़।
5. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ....को सूचनार्थ।।
6. संबंधित प्रधानपाठक को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग.